दिनांक 13.04.2015 (सोमवार) को नेतरहाट विद्यालय समिति की कार्यकारिणी समिति के सभापति, श्री नरेन्द्र भगत, भा.प्र.से. (से.नि.) की अध्यक्षता में समिति कार्यालय रांची में कार्यकारिणी समिति की सम्पन्न बैठक की कार्यवाही :-

कार्यकारिणी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिये गये :-

1. उपस्थिति-संलग्न है।

   श्री मनीष रंजन, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मा.सं.वि.वि.,झारखण्ड-सदस्य, कार्यकारिणी समिति के अनुपस्थिति अवकाश की स्वीकृति दी गई।

2. विगत बैठक दिनांक 11.12.2014 के कार्यवाही की संपुष्टि की गई।

3. विगत बैठक में लिए गये निर्णयों के अनुपालन की स्थिति की समीक्षा की गई। कतिपय बिन्दुओं के अनुपालन प्रक्रियारत प्रतिवेदित की गई; ये सभी बिन्दु आज की बैठक की कार्यसूची में भी सम्मिलित थे, अतएव उन पर समिति द्वारा विस्तार पूर्वक परिचर्चा की गई तथा तत्संबंधी निर्णय संबंधित कंडिकाओं में अभिलिखित है।

4. नेतरहाट विद्यालय समिति, नेतरहाट/रांची का वार्षिक प्रतिवेदन (दिसम्बर 2013 से मार्च 2015) समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसे अवलोकनोपरान्त स्वीकृत किया गया।

5. वर्तमान वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए विद्यालय हेतु अनुमोदित बजट के साथ-साथ विद्यालय प्रशासन द्वारा विभिन्न मदों में व्यय हेतु प्रस्तुत Allocation/Appropriation प्रारूप पर विचार-विमर्श किया गया। मदवार व्यय हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव में कतिपय त्रुटि तथा अस्पष्टता होने के कारण प्राचार्य को यह निदेश दिया गया कि वे विमर्श के क्रम में दिए गये परामर्श के आधार पर पुनः पुनरीक्षित प्रस्ताव-प्रारूप एक माह के अन्दर समर्पित करें ताकि समिति द्वारा समुचित निर्णय ससमय लिया जा सके।

6. छात्रों के अभिभावकों के सम्प्रति प्रभावी आय वर्गीकरण के पुनरीक्षण प्रस्ताव पर ऑडिटर द्वारा तैयार कराये गये रिपोर्ट पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विशिष्ट आमंत्रित के रूप में उपस्थित श्री मनोज मारू, चार्टर्ड एकाउटेन्ट द्वारा तैयार किये गये रिपोर्ट के विभिन्न बिन्दुओं को विश्लेषण कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। सम्यक विचारोपरान्त, कतिपय संशोधन के साथ प्रस्तुत रिपोर्ट को स्वीकार किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि समिति के सामान्य निकाय की आगामी बैठक की कार्यसूची में इसे विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत किया जाय।

7. विद्यालय में तृतीय एवं चतुर्थवर्गीय कोटि के कर्मियों की नियुक्ति हेतु जुलाई 2013 में प्रकाशित विज्ञापन के क्रम में तत्संबंधी नियुक्ति प्रक्रिया की प्रगति की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। समिति द्वारा तृतीय वर्ग कोटि के आवेदकों के चयन के प्रसंग में ''विद्यालय चयन समिति'' द्वारा अपनायी गई प्रक्रिया में 'समिति की नियुक्ति नियमावली' में विहित प्रावधान से विचलन कर की गई कार्रवाई के दृष्टान्त कुछेक मामलों में परिलक्षित हुए। अतएव सभापति को अधिकृत किया गया की वे अपने स्तर पर समिति के 2 अन्य सदस्यों के साथ, विद्यालय चयन समिति द्वारा अपनाई गयी प्रक्रिया तथा की गई अनुशंसाओ की स्क्रूटिनी कर लें तथा सुसंगत प्रावधान के आलोक में अग्रेतर कार्रवाई करें।

चतुर्थवर्गीय कोटि के कर्मियों की नियुक्ति प्रक्रिया, लगभग 18 महीने के अन्तराल बाद भी, अपूर्ण रहने पर समिति द्वारा चिंता व्यक्त की गई। प्राचार्य को निदेश दिया गया कि वे 'समिति की नियुक्ति नियमावली' के प्रावधानों का अक्षरशः अनुसरण करते हुए मई 2015 के अन्त तक चयन प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन 'समिति' को समर्पित किया जाना सुनिश्चित करें।

8. शिक्षकों, पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मचारियों के लिए चल-अचल सम्पति के विवरण, प्रथम नियुक्ति पर तथा उसके उपरान्त प्रति वर्ष, समर्पित किये जाने के बिन्दु पर प्राचार्य द्वारा यह अवगत कराया गया कि इसका अनुपालन विद्यालय प्रशासन स्तर पर किया गया है। समिति का यह निदेश हुआ कि उक्त प्रतिवेदन सरकार द्वारा विहित प्रपत्र में समर्पित है अथवा नही, इसे देख

लिया जाय तथा अन्यथा की स्थिति में विहित प्रपत्र में ही प्रतिवेदन समर्पित किए जाने की कार्रवाई की जाय तथा समिति के अवगतार्थ उन्हें आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

9. विद्यालय परिसर में प्रथम एवं तृतीय सेट के 6 आश्रमों के जीर्णोद्धार/नवनिर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। एतदर्थ, विद्यालय स्तर पर गठित उप समिति द्वारा दिनांक 12.04.2015 को स्थल निरीक्षण उपरान्त तैयार किए गये विस्तृत प्रतिवेदन – आश्रमवार तथा विभिन्न कार्यवार – समिति के समक्ष प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा के प्रतिनिधि स्वरूप सहायक अभियन्ता को उक्त प्रतिवेदन की प्रतिलिपि उपलब्ध करा दी गई। जीर्णोद्धार कार्यों की प्रगति अपेक्षा अनुरूप अबतक न हो पाने के कारण समिति की चिंता से उपस्थित प्रतिनिधि से अवगत कराया गया तथा कार्यों में तेजी लाये जाने का अनुरोध किया गया। इस विलंम्ब से जनित छात्रों एवं शिक्षकों को आवासन में हो रही कठिनाईयों का विशेष उल्लेख किया गया तथा आश्रमों के जीर्णोद्धार/नवनिर्माण कार्यों के अन्य संभावित विलंम्ब को देखते हुए यह सुझाव दिया गया कि आने वाले दिनों में, वैकल्पिक व्यवस्था स्वरूप, विद्यालय प्रशासन के अधीन अन्य भवनों – यथा, बंगला सं. 1, 2, 3 एवं 4 तथा रिक्त प्राचार्य आवास भवन – के साथ-साथ स्टाफ भवनों की विशेष मरम्मति तथा आवासन हेतु उपयुक्त बनाये जाने दिशा में तत्काल आवश्यक कार्रवाई भवन प्रमण्डल, लोहरदगा के स्तर पर की जाय।

10. नवनियुक्ति शिक्षकों, पदाधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों को अनुमान्य विभिन्न सुविधाएं – गुप बीमा, प्रोविडेन्ट फन्ड, पेन्सन, एवं ग्रेच्युटी आदि – से संबंधित राज्य सरकार में सम्प्रति प्रभावी प्रणाली को अंगीकृत किए जाने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य को निदेश दिया गया कि तदनुरूप अपेक्षित कार्रवाई अपने स्तर पर वे शीघ्र संचालित करे।

11. नेतरहाट विद्यालय को, उसकी स्थापना पर, वर्ष 1954-55 तथा बाद के वर्षों में बिहार सरकार द्वारा सुपुर्द लगभग 4.60 एकड़ भूखण्ड एवं अन्य

परिसम्पत्तियों की लातेहार/पलामू जिला भू-सर्वेक्षण व बंदोबस्त कार्यालय द्वारा भू-सर्वे आधारित वर्ष 2004-05 में अन्तिम प्रकाशनोपरान्त परिलक्षित कतिपय गंभीर विचलन की स्थिति पर समिति द्वारा चिंता व्यक्त की गई। सुझाव दिया गया कि राज्य सरकार के वरीयतम स्तर पर इस समस्या के समाधान हेतु पहल की जाय। तथा, इस क्रम में प्रथमतः इसे समिति के सामान्य निकाय की आगामी बैठक की कार्यसूची में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाय।

12. वर्ष 2013 में नवनियुक्त शिक्षकों सहित प्राचार्य एवं प्रशासी पदाधिकारी के परीक्ष्यमान अवधि से संबंधित समर्पित स्वमूल्यांकन प्रतिवेदनों पर सभापति द्वारा समीक्षी/प्रतिवेदक पदाधिकारी के रूप में अभिलिखित अभ्युक्तियों - शिक्षकवार एवं पदाधिकारीवार - को समिति के अवगतार्थ प्रस्तुत किया गया। समिति में उपस्थिति सदस्यों द्वारा अवलोकनोपरान्त अभिलिखित सभी अभ्युक्तियों को ratify (संपुष्ट) किए जाने का निर्णय लिया गया।

13. जनवरी 2015 में विज्ञापित रिक्त पदों - शिक्षकों के तथा कोषपाल के - संबंध में प्राप्त आवेदनों की विद्यालय स्क्रीनिंग समिति द्वारा समर्पित प्रतिवेदन प्राचार्य द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति ने सभापित को अधिकृत किया कि वे प्रावधानानुसार 'समिति' स्तर पर 'चयन समिति' गठित कर नियुक्ति प्रक्रिया हेतु विहित अपेक्षित अग्रेतर कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ करे।

14. **अन्यान्य :**

(क) अंचलाधिकारी महुआडांड का विद्यालय प्राचार्य को प्रेषित अतिक्रमणवाद से संबंधित नोटिस दिनांक 14 फरवरी 2015 जिसके फलस्वरूप शांति आश्रम का जीर्णोद्धार/नवनिर्माण कार्य अवरूद्ध है, के प्रसंग में प्राचार्य ने समिति को अवगत कराया कि उनके स्तर से तत्संबंधी तथ्य उत्तरस्वरूप अंचलाधिकारी को दिनांक 15 फरवरी 2015 को भेज दिया गया है। उनसे यह आग्रह किया गया है कि विद्यमान तथ्य के आधार पर उक्त नोटिस को वापस किया जाय, अतिक्रमणवाद की कार्रवाई समाप्त की जाय। अंचलाधिकारी का उत्तर अप्राप्त है।

समिति द्वारा, वर्णित स्थिति में, प्राचार्य सहित बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लोहरदगा को यह निदेश दिया गया कि वे शांति आश्रम के, अंचलाधिकारी के नोटिस के आधार पर अवरुद्ध, जीर्णोद्धार/नवनिर्माण कार्य को शीघ्र पुनः आरंभ करें तथा पूरा करें।

(ख) मार्च/अप्रैल 2015 में विद्यालय के पूर्ववर्त्ती छात्र, डा. त्रिनाथ मिश्र तथा के.के.नाग सहित आई.आई.टी. प्रवेश परीक्षा के मुम्बई स्थित विशेषज्ञ श्री अरुण राय ने नेतरहाट परिदर्शन किया तथा विद्यालय परिसर में कुछ दिन रह कर छात्रों एवं शिक्षकों के साथ विभिन्न परिचर्चा एवं कार्यक्रमों में भाग लिया। उनके द्वारा समिति को समर्पित तत्संबंधी रिपोर्ट से सदस्यों को अवगत कराया गया।

(ग) विद्यालय के विज्ञान विषयों के प्रयोगशालाओं के जीर्णोद्धार/ आधुनिकीकरण, मिट्टी जांच प्रयोगशाला तथा टिसुकल्चर प्रयोगशाला का निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक लैब के निर्माण; कक्षाओं में आधुनिक Teaching aids के अधिष्ठापन तथा पुस्तकालय का आधुनिकीकरण, खेल मैदानों के जीर्णोद्धार तथा आधुनिकीकरण कराये जाने का निर्णय लिया गया। प्राचार्य को निदेश दिया गया कि वे इन कार्यों के लिए शीघ्र ही ट्रेन्डर का प्रकाशन कर यथासंभव आगामी वर्षाकालीन अवकाश के पूर्व इनके कार्य आरंभ कराये जाने की पहल तथा प्रयास करें।

(घ) वित्तीय वर्ष 2015–16 हेतु विद्यालय में विभिन्न आवश्यक समाग्रियों के अधिकृत आपूर्तिकर्त्ताओं से विज्ञापन के आधार पर आवेदनों की मांग की गई। प्राप्त आवेदनों को प्राचार्य द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रथम द्रष्टवा यह पाया गया कि कतिपय एजेंसी द्वारा यद्यपि वे सामग्री विशेष के न तो अधिकृत उत्पादक हैं और न ही अधिकृत बिक्रेता; साथ ही आवेदकों की आर्थिक सक्षमता भी उनके आवेदनों से स्पष्ट नही पाई गयी। प्राचार्य को निदेश दिया गया कि वे सामग्रीवार वैसे आपूर्तिकर्ताओं को पंजीकृत करें जो अधिकृत उत्पादक/बिक्रेता/आपूर्तिकर्त्ता तो हों ही, साथ ही आर्थिक/व्यापारिक दृष्टि से सक्षम हो; इस हेतु, आवश्यकतानुसार, आवेदकों से विगत 3 वर्षों के आयकर रिटर्न/आयकर निर्धारण की प्रतिलिपियों की मांग कर उनकी समीक्षा की जाय। उसके उपरान्त उनके पंजीयन विषयक निर्णय लिया जाय।

(इ) श्री प्रवीन्द्र सिंह द्वारा विद्यालय को विगत कुछेक माह पूर्व आपूरित ऊनी स्वेटर की गुणवत्ता, अनुमोदित सेंपल के अनुरूप न पाये जाने के कारण अस्वीकृत किये जाने विषयक अभ्यावेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। यह निर्णय लिया गया कि आपूरित स्वेटर की गुणवत्ता की विधिवत जांच हेतु सरकार के उद्योग विभाग के संबंधित पदाधिकारी को आग्रह किया जाय तथा जांचोपरान्त उनका प्रतिवेदन समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाय।

(च) विभिन्न संचिकाओं के माध्यम से प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत कतिपय शिक्षक/ पदाधिकारी की सेवा संबंधी मामले प्राचार्य द्वारा समिति के अवगतार्थ प्रस्तुत किए गये। समिति द्वारा उनके अवलोकनोपरान्त, नियमानुसार एवं प्रावधानानुसार अपेक्षित कार्रवाई किए जाने का निदेश प्राचार्य को दिया गया।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

17.4.2015

(नरेन्द्र भगत)
सभापति,
कार्यकारिणी समिति,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

नेतरहाट विद्यालय समिति

कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की, दिनांक 13.04.2015 को आहूत बैठक में उपस्थिति :–

उपस्थिति :–

क्र०	नाम	पता	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	हस्ताक्षर
1.	श्री नरेन्द्र भगत, भा०प्र०से० (सेवा निवृत्त)	अग्रवाल नर्सिंग होम के सामने बरियातू रोड, राँची	सभापति	13. A. 2015
2.	श्री नागेन्द्र नाथ सिन्हा, भा०प्र०से०	प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	
3.	डा. मनीष रंजन भा०प्र०से०	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, मानव संसाधन विकास विभाग, झारखण्ड, राँची	सदस्य	—
4.	श्री कृष्ण स्वरूप प्रसाद	184/सी० 2, हरिहर सिंह रोड, मोरहाबादी, राँची	सदस्य	13/4/2015
5.	डा० अमलेन्दु शेखर मित्रा	मातृछाया, दिव्यायन के दक्षिण, मोरहाबादी, राँची	सदस्य	13.04.2015
6.	श्री अरूण कुमार सिंह, उप सचिव, वित्त विभाग	वित्त विभाग का प्रतिनिधि, प्रधान सचिव, वित्त विभाग द्वारा मनोनीत सदस्य।	सदस्य	13/04/2015
7.	श्री विमलांशु शेखर मल्लिक	प्राचार्य, नेतरहाट विद्यालय, नेतरहाट	सदस्य सचिव	13/04/15
8.	श्री मनोज मारू	चार्टेड एकान्टेट, रांची।	विशेष आमंत्रित	13/4/15
9.	कार्यपालक अभियंता	भवन प्रमंडल, लोहरदगा।	विशेष आमंत्रित	13/04/15 A.E.